# गैराज में लगी भीषण आग से दो फोर व्हीलर जले

## बांसघाट मोहल्ले में देर रात हुई घटना

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 29 मार्च, रीवा शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र के बांसघाट स्थित गैरेज में रविवार की देर रात अचानक आग भड़क उठी, जिससे वहां खड़े वाहन जलने लगे. घटना से आसपास के लोग दहशत में आ गए. घटना की जानकारी मिलने पर दमकल की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया.**



जानकारी के अनुसार बीती रात 8 बजे गैराज मालिक निजाम मिस्त्री गैराज बंद करके घर चले गए थे. लगभग 9.30 बजे अचानक गैराज में आग लग गई. आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और गैराज में मरमत के लिए आए दो फोरव्हीलर वाहनों को अपनी चपेट में ले लिया. दोनों वाहन धू-धू कर जलने लगे. आग की लपटे देखकर आसपास के लोग दहशत में आ गए और अन्य दुकानों में आग फैलने का खतरा भी बना रहा. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने कंट्रोल रूम के माध्यम से दमकल टीम को बुलाया. दो दमकल वाहनों ने घंटेभर की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. आग में जलने वाले वाहन ग्राहकों के बताए जा रहे हैं. पीड़ित ने थाने में शिकायत दर्ज करवाई है और पुलिस जांच शुरू कर दी है.

### जानबूझकर लगाई गई आग आरोप

पीड़ित ने आरोप लगाया है कि आग गैराज में जानबूझकर लगाई गई. उन्होंने बताया कि कुछ समय पहले उन्होंने गैराज बंद किया था और उसके बाद आग भड़क गई. पुलिस इस संभावना पर भी जांच कर रही है. थाना प्रभारी विजय सिंह ने कहा कि गैराज में आग लगने की शिकायत मिली है और जांच के बाद ही वास्तविक कारण सामने आएंगे.

# पहले आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पर कार्रवाई करें

## फिर हम टावर से उतरेंगे, चितरवईकला के टावर पर 4 घंटे तक चढ़ा रहा युवक



**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 29 मार्च। कोतवाली क्षेत्र बैढ़न के चितरवईकला गांव निवासी एक 28 वर्षीय युवक आज दिन रविवार की शाम करीब 4 बजे गांव के मोबाइल टावर के अंतिम छोड़ पर चढ़ गया। युवक के टावर पर चढ़ने की खबर आग की तरह पूरे गांव में फैल गई। मौके पर खुटार पुलिस चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक शीतला यादव एवं तहसीलदार प्रीति सिकरवार घटनास्थल पहुंच युवक को समझाइस दी। तब कहीं युवक नीचे उतरा।**

दरअसल मामला चितरवईकला गांव का है। जहां इसी गांव के संतोष सेन पिता दादेराम सेन उम्र 28 वर्ष ने आज दिन रविवार की शाम करीब 4 बजे अचानक मोबाइल टावर पर चढ़ गया।

घटना की जानकारी मिलते ही चौकी प्रभारी शीतला यादव पुलिस बल के साथ स्थल पहुंच युवक को समझाइस देने लगी। उसकी मांग थी कि चितरवईकला में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कभी कभार और वह दोपहर के वक्त आती है। जिसके चलते उसके पत्नी को प्रसूति राशि नही मिल पा रही है। जबकि पॉच महीने पहले बच्ची पैदा हुई है। आगे यह भी आरोप लगाया कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के द्वारा भर्रेशाही मचाई गई है। इस पर कार्रवाई हो। अन्य मांगों में यह भी शामिल है कि गांव के करीब डेढ़ दर्जन गरीबो को राशन उचित मूल्य दुकान से नही मिला है। जबकि वे पात्र योग्य हैं। राशन कार्ड उन्हें नही मिला है, तत्काल उन्हें राशन कार्ड दिलाई जाये।

### पुलिस ने दिलाया न्याय का आश्वासन

चौकी प्रभारी ने इसकी पूरी बातों को सुनकर उचित न्याय दिलाने का आश्वासन दी। वहीं अंतिम समय में तहसीलदार भी पहुंची, जहां टावर से उतरने के बाद युवक एवं ग्रामीणों के साथ बैठकर उसकी समस्याओं एवं मांगों को सुनकर न्याय दिलाने का भरोसा दिया। लेकिन जिले में आये दिन टावर पर चढ़ने का यह करीब छठवीं घटना है। जिले में अपनी मांगों को मनाने के लिए अच्छा तरीका निकाला गया है। इस बात की चर्चा जोर-शोर से होने लगी है।

# पहाड़ी से टकराकर बल्कर पलटा, चालक गंभीर

**नवभारत न्यूज**

**सीधी, 29 मार्च. जिले के सेमरिया थाना अंतर्गत देवनाढ़ के समीप आज दोपहर एक तेज रफ्तार बल्कर अनियंत्रित होकर पहाड़ी से टकराकर पलट गया। हादसे में चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के पश्चात रीवा रेफर कर दिया।**



मिली जानकारी के अनुसार घटना रविवार दोपहर करीब 12 बजे की बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बल्कर रीवा की ओर से सीधी की तरफ आ रहा था। अचानक बल्कर का संतुलन बिगड़ गया और वह अनियंत्रित होकर सड? किनारे पहाड़ी से टकराते हुए पलट गया। हादसा इतना भीषण था कि चालक वाहन के अंदर फंस गया और उसे गंभीर चोटें आईं। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने तुरंत मदद शुरू की और 108 एंबुलेंस को बुलाया। एंबुलेंस के माध्यम से घायल चालक को जिला अस्पताल सीधी पहुंचाया गया। वहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई थी। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रीवा रेफर कर दिया। हादसे में घायल चालक की पहचान फौरी तौर पर नहीं हो सकी, जिससे पुलिस को विवेचना में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सेमरिया थाना प्रभारी केदार परौहा ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और वाहन का अनियंत्रित होना हादसे की मुख्य वजह मानी जा रही है, हालांकि वास्तविक कारणों का पता विस्तृत जांच के बाद ही चल पाएगा।

## रेत के अवैध परिवहन में लगा हाइवा जब्त

**सीधी, 29 मार्च.** मड़वास थाना पुलिस ने रेत के अवैध परिवहन में लगे एक हाइवा को जप्त किया है। पुलिस के अनुसार आज मुखविर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम महखोर में एक हाइवा गोपद नदी भदौरा से अवैध रूप से रेत लोड कर परिवहन कर रहा है। थाना प्रभारी उप निरीक्षक आरबी सिंह के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक राजकुमार सिंह, प्रधान आरक्षक विजय ड्क्षसह, सूर्यप्रताप सिंह ने आज मुखविर की सूचना पर दबिश देकर हाइवा क्रमांक एमपी 53 जेडई 3438 जो कि अवैध रेत लोड कर परिवहन कर रहा था उसको रोंका।

# सिंगरौली में फर्जी सिम का नेटवर्क उजागर

## 850 से अधिक एक ही चेहरे से एक्टिवेट हुए सिम, दो गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 29 मार्च। कोतवाली पुलिस ने ऑपरेशन फेस के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए फर्जी सिम कार्ड एक्टिवेट करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। यह कार्रवाई साइबर सेल से प्राप्त सूचना और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर की गई।**



जांच में सामने आया कि ग्राम कटौली निवासी अनिल कुमार रवानी पिता हीरालाल रवानी जो सिम बेचने का पीओएस संचालक हैं, ने एक ही व्यक्ति के चेहरे का उपयोग कर अलग-अलग नाम और पते से सैकड़ों सिम कार्ड फर्जी तरीके से एक्टिवेट किए। आरोपी ने अपनी माता उर्मिला रवानी के चेहरे की विभिन्न एंगल से फोटो लेकर करीब 340 सिम कार्ड सक्रिय किए, जबकि अन्य व्यक्तियों के चेहरों का उपयोग कर कुल लगभग 850 सिम कार्ड तैयार किए गए। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि इन सिम कार्डों में से 400 से 500 सिम आरोपी सिराज खान उर्फ शेरु को तथा 300 से 400 सिम अन्य व्यक्तियों को पैसों के लालच में बेच दिए गए। इन सिम कार्डों का उपयोग अवैध गतिविधियों में किए जाने की आशंका है। मामले में थाना बैढ़न में धारा 419, 468, 471, 34 भादवि, धारा 66(डी)आईटी एक्ट एवं धारा 42(3)(ई) दूरसंचार अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अनिल कुमार रवानी निवासी कटौली और सिराज खान निवासी तालाब रोड बैढ़न को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। वहीं अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक अशोक सिंह परिहार, उपनिरीक्षक उदय करिहार, उनि पवन सिंह, शिवम सिंह, प्रआर लक्ष्मीकांत मिश्रा, अजीत सिंह, आशीष त्रिपाठी, आर अभिमन्यु उपाध्याय, प्रशांत केशरी, वीरन सिंह एवं नंदलाल यादव की सराहनीय भूमिका रही।

### स्कॉर्पियो ने ऑटो को मारी टक्कर, दो घायल

सीएमपीटीआई के पास आज दिन रविवार की देर शाम लगभग 6 बजे एक सड़क हादसे में ऑटो सवार चालक और यात्री घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों का आरोप है कि स्कॉर्पियो वाहन क्रमांक एमपी 66 जेडई 2008 नवानगर से जयंत की ओर रांग साइड से जा रही थी। जानकारी के अनुसार ऑटो जयंत से बैढ़न की ओर अपनी साइड से जा रहा था, तभी सामने से रांग साइड पर तेज रफ्तार से आ रही सफेद रंग की स्कॉर्पियो ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि ऑटो में सवार चालक और यात्री को गंभीर चोटें आईं। मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि स्कॉर्पियो चालक नशे की हालत में वाहन चला रहा था और तेज गति के कारण नियंत्रण नहीं रख पाया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल नेहरू अस्पताल जयंत भेजा गया, जहां उनका इलाज जारी है।

# लोक निर्माण विभाग मंत्री ने किये मां शारदा के दर्शन

**नवभारत न्यूज**

**मैहर 29 मार्च. प्रदेश के लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह ने रविवार को मैहर जिले के प्रवास के दौरान मां शारदा देवी के दर्शन कर पूजा अर्चना की।**



इस दौरान मंत्री राकेश सिंह ने प्रदेश वासियों की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। इस मौके पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। श्री सिंह सड़क मार्ग से जबलपुर से दर्शन के लिए रविवार को मैहर पहुंचे थे. उनके साथ माता के दर्शन के लिए पत्नी व अन्य परिजन भी थे.इस दौरान उन्होंने कुछ स्थानीय पार्टी के प्रतिनिधियों से भी भेंट की.



# पूर्व विधायक स्व. यादवेंद्र सिंह को उप मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि

**नवभारत न्यूज**

**सतना 29 मार्च. पूर्व विधायक स्व. यादवेंद्र सिंह के निधन पर मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।**

रविवार को उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल सतना जिले के कचनार ग्राम स्थित उनके निवास पहुंचे, जहां उन्होंने स्व. यादवेंद्र सिंह के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और शोक संवेदनाएं प्रकट कीं। इस दौरान उन्होंने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व. यादवेंद्र सिंह का निधन समाज और क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है। उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य यतेन्द्र सिंह, जितेंद्र सिंह, अरुण सिंह, बालेंद्र गौतम सहित परिजन और स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### राज्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि



रैगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कचनार में नागौद के पूर्व विधायक स्व. यादवेंद्र सिंह की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने पूर्व विधायक स्व. यादवेन्द्र सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा में नागौद विधायक नागेन्द्र सिंह, जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# सतना जिले में महावीर जयंती का अवकाश 30 को, आदेश जारी

**नवभारत न्यूज**

**सतना 29 मार्च. कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सतना डॉ. सतीश कुमार एस द्वारा महावीर जयंती के अवसर पर अवकाश में परिवर्तन का आदेश जारी किया गया है।**

मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग भोपाल की अधिसूचना के अनुपालन में तथा स्थानीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए पहले 31 मार्च 2026 (मंगलवार) को घोषित अवकाश को संशोधित कर अब 30 मार्च (सोमवार) को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है।

### मैहर में भी अवकाश 30 को ही रहेगा

मैहर कलेक्टर मैहर रानी बाटड द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिले में महावीर जयंती के अवसर पर घोषित सार्वजनिक अवकाश में परिवर्तन किया गया है। पूर्व में 31 मार्च 2026 (मंगलवार) को घोषित अवकाश को संशोधित करते हुए अब 30 मार्च 2026 (सोमवार) को पूरे मैहर जिले में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। प्रशासन के अनुसार यह निर्णय जनभावनाओं और स्थानीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। इसके चलते 31 मार्च 2026 (मंगलवार) को जिले के सभी शासकीय कार्यालय एवं संस्थान सामान्य रूप से खुले रहेंगे। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

## ब्लाक स्तरीय रोजगार मेला आज रोजगार कार्यालय सतना में

**सतना 29 मार्च.** शासकीय आईटीआई एवं रोजगार कार्यालय सतना द्वारा 30 मार्च 2026 तक सतना एवं मैहर जिले में स्थित समस्त आईटीआई में एसआईएस सिक्योरिटी सर्विस का एक दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जायेगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि 30 मार्च को जिला रोजगार कार्यालय सतना में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जायेगा। सिक्योरिटी गार्ड/सुपरवाइजर पद हेतु आयु 19 से 40 वर्ष तथा योग्यता 10वीं या 12वीं उत्तीर्ण बेरोजगार आवेदक अपने मूल रिकार्ड के साथ निर्धारित स्थान पर उपस्थित हो सकते हैं।

## ग्रामीणजन विद्युत से सुरक्षा के लिये बरतें सावधानियां

**सतना 29 मार्च.** विद्युत वितरण कंपनियों ने ग्रामीणजनों को आगाह किया है कि वे अपने खेत-खलिहानों में विद्युत से सुरक्षा के लिये सावधानियां जरूर बरतें। अक्सर देखा गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में असावधानीवश विद्युत से कई बार अप्रिय घटनाएं घट जाती हैं। यह दुर्घटनाएं कई बार जान-माल का नुकसान भी कर देती हैं। इनसे बचने के लिए ग्रामीणजनों से सावधानी बरतने की अपील करते हुए कंपनी ने कहा है कि कभी भी विद्युत लाइनों, उपकरणों एवं खंभों से छेड़खानी न करें.

# मोबाइल छीनकर भागने वाले तीनों आरोपी पहुंचे जेल

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 29 मार्च। कोतवाली क्षेत्र बैढ़न के समीपी बिलौंजी अटल सामुदायिक के सामने एक राहगीर युवती से झपट्टा मारकर मोबाइल लुटने वाले तीनों आरोपी जेल चले गये।**



वहीं आरोपियों के कब्जे से लूट की मोबाइल बरामद कर प्रयुक्त बाइक को भी पुलिस ने जप्त कर लिया है। दो आरोपियों को दबोचने में स्थानीय लोगों की भूमिका सराहनीय रही है। दरअसल बीते दिन शनिवार की शाम करीब 6 बजे एक युवती पैदल मोबाइल से भक्ति गीत सुनते हुये जा रही थी, तभी बाइक सवार आये और झपट्टा मारते हुये मोबाइल लूट कर भागने लगे। इसी दौरान बाइक सवार तेज रफ्तार में होने से एक कार से टकराने के बाद गिर पड़े। शोर-शराबा होने पर फौरन स्थानीय लोगों ने दो आरोपियों को दबोच कर इलाज करते हुये पुलिस को सौप दिया। पुलिस तीसरे आरोपी के तलाश में जुट गई। इस संबंध में कोतवाली पुलिस का कहना है कि तीसरा आरोपी मौके से फरार हो गया था, जिसकी पुलिस द्वारा तलाश कर बाद में गिरफ्तारी की गई। गिरफ्तार आरोपियों में कलाम अंसारी पिता काशिम अंसारी उम्र 19 वर्ष निवासी चरगोड़ा हाल निवासी शांति मोहल्ला गनियारी , पुष्पेंद्र पटेल पिता शतेश्वर पटेल उम्र 20 वर्ष निवासी शांति मोहल्ला एवं संकल्प उर्फ सोम श्रीवास्तव पिता रामप्रकाश श्रीवास्तव उम्र 19 वर्ष निवासी डीएव्ही रोड राजेन्द्र पथ गली बैढ़न शामिल हैं, जो बैढ़न क्षेत्र के निवासी हैं।

# नाबालिग से दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

## चुरहट पुलिस ने दबोचा ,हिस्ट्रीशीटर आरोपी पहुंचा जेल

**नवभारत न्यूज**

**सीधी, 29 मार्च. नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले शातिर अपराधी को चुरहट पुलिस ने दबिश देकर दबोचा। कार्रवाई में रीवा जिले का हिस्ट्रीशीटर आरोपी जेल पहुंचा।**



पुलिस अधीक्षक सीधी संतोष कोरी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं एसडीओपी चुरहट रवि प्रकाश कौल के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी चुरहट उप निरीक्षक दीपक बघेल के नेतृत्व में चुरहट पुलिस ने महिला संबंधी अपराध के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई करते हुए एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने नाबालिग लड़की को जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस के अनुसार दिनांक 26 मार्च 2026 को एक नाबालिग पीड़िता ने अपनी माता के साथ थाना चुरहट उपस्थित होकर शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़िता ने बताया कि एक युवक ने उसे जान से मारने की धमकी दी, उसके साथ मारपीट की और डरा-धमकाकर होटल ले जाकर दुष्कर्म किया। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल अपराध धारा 64(2), 331(4), 115(2), 351(3) बीएनएस. एवं 5(1)/6 पॉक्सो एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया।

**आरोपी की गिरफ्तारी एवं घेराबंदी-** उप निरीक्षक आशा सिलावट के नेतृत्व में गठित टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना पर संदिग्ध ठिकानों पर घेराबंदी की, जहां आरोपी छिपा हुआ था। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को दिनांक 26 मार्च 2026 की शाम 07 बजे गिरफ्तार कर लिया। पूंछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार किया है।

**कानूनी कार्यवाही-** आरोपी को गिरफ्तार करने के उपरांत न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस मामले की विस्तृत विवेचना कर रही है ताकि पीड़िता को त्वरित न्याय दिलाया जा सके।

**इनकी रही भूमिका-** इस महत्वपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी उप निरीक्षक दीपक बघेल, उप निरीक्षक आशा सिलावट, एएसआई अमोल सिंह, महिला प्रधान आरक्षक सुमित्रा पटेल, आरक्षक सुशील कुमार की सराहनीय भूमिका रही।

### आरोपी का आपराधिक रिकार्ड

जांच में यह तथ्य प्रकाश में आया है कि गिरफ्तार आरोपी एक आदतन अपराधी है। उसके विरुद्ध पूर्व में भी कई थानों में गंभीर आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं जिनमें थाना सगरा जिला रीवा में 04 आपराधिक मामले। थाना रायपुर कर्चुलियान जिला रीवा 01 आपराधिक मामला दर्ज है।

# पुरवा गांव के कुसहमा टोला के घर में लगी आग

## स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से आग पर पाया काबू

**नवभारत न्यूज**

**देवसर 29 मार्च। जिले के देवसर तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पुरवा के कुसहमा टोला में बीते दिन कल शनिवार को भीषण आगजनी की घटना सामने आई, जिससे पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई।**



प्राप्त जानकारी के अनुसार आग शिवकुमार कोल के घर में लगी। घटना के समय वह अपने परिवार के साथ घर में मौजूद नहीं थे। परिवार में दो बच्चे और तीन बच्चियां सहित कुल आठ सदस्य रहते हैं। आग लगने से घर में रखा सामान, एक साइकिल, लोहे को गर्म करने की मशीन, चारपाई, लकड़ी, कपड़े, अनाज सहित अन्य घरेलू सामग्री जलकर खाक हो गई। बताया जा रहा है कि मकान पहाड़ी क्षेत्र में स्थित है, जहां पानी की भारी कमी के कारण आग बुझाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आग लगने का कारण लापरवाही बताया जा रहा है। मकान के पास एक भूमि स्वामी द्वारा खेत में कचरा जलाया जा रहा था। इसी दौरान तेज आंधी और हवा के कारण आग की चिंगारियां फैलकर शिवकुमार कोल के घर तक पहुंच गई और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया।

### ग्रामीणों ने दिखाया साहस

आग लगते ही ग्रामीणों ने तत्परता और साहस का परिचय देते हुए सामूहिक प्रयास से आग पर काबू पा लिया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। घटना की जानकारी समाजसेवी अनिल चतुर्वेदी द्वारा दी गई है। उन्होंने प्रशासन से पीड़ित परिवार को तत्काल राहत एवं सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा प्लाट नं.34, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99